ंदिनांकः 04.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश में कई स्थानों पर मॉनसून की व्यापक बरसात हो रही है। पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई। वहीं कई जगह हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बारिश अजमेर के अराई में हुई। केकड़ी और बाडमेर के गुडामालानी में 9–9 सेंटीमीटर, जैसलमेर के सम में 8, जालौर के रानीवाडा, डूंगरपुर के निथुवा और माउंट आबू में 7–7 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड की गई। झालावाड ज़िले में सुबह से हल्की बरसात हो रही है। विभिन्न क्षेत्रों में हो रही अच्छी बरसात के कारण ज़िले की सभी नदियां पूरे बहाव पर हैं। कालीसिंध बांध के दो गेट खोलकर 7 हजार 800 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। उधर, कोटा में पार्वती नदी की पुलिया पर करीब 8 फीट पानी की चादर चल रही है। बालोतरा जिले के बुड़ीवाड़ा ग़ांव में एक बरसाती नाले से बने खड्डे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज अजमेर, कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट और जयपुर, सवाईमाधोपुर, नागौर तथा राजसंमद जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

.....................................................

प्रदेश में मॉनसून के दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किये जा रहे हैं। अलवर शहर के भूरासिद्ध स्थित हनुमान मंदिर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आज केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने पौधरोपण किया। इस क्षेत्र में करीब 20 हजार पेड़ लगाकर मातृवन विकसित किया जाएगा। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि शहर के द्वार कटीघाटी पर 70 हेक्टेयर में नगरवन और बायोलॉजिकल पार्क बनाकर शहर को हरा भरा बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की। उधर, सांचौर की सरवाना और मेडाजागीर ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर पौधरोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

.....................................................

प्रदेश में आज हरियाली अमावस्या मनाई जा रही है। इस अवसर पर पितृों के तर्पण सहित कई धार्मिक अनुष्ठान और दान पुण्य किये जा रहे हैं। राजधानी जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में रवि पुष्य नक्षत्र में गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया। भीलवाड़ा के बिजोलिया क्षेत्र में स्थित तिलस्वा महादेव मंदिर में आज मेला भर रहा है। मेले में अन्य जिलों और मध्यप्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जोधपुर ग्रामीण जिले की पीपाड़ स्थित नंदी गौशाला में इस अवसर पर 101 पौधे लगाए जा रहे है। साथ ही साथिन ग्राम पंचायत में 51 पौधे और ट्री गार्ड लगाकर संरक्षण की जिम्मेदारी ली गई है। भरतपुर में बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी का विशेष श्रंगार कर पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन धाम की सप्तकोसीय परिक्रमा भी दी। बीकानेर में वृक्षों की पूजा के साथ–साथ पवित्र सरोवरों में स्नान किये जा रहे हैं। जैसलमेर में तीर्थ स्थली वैशाखी में भूतेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और सहस्त्रघट का आयोजन किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में मंदिरों में अनुष्ठान के साथ ही प्राचीन परंपरा के चलते शहर में पतंगबाजी की जा रही है। पाली के मंदिरों में विशेष अभिषेक किये जा रहे हैं। पीपल की पूजा के साथ ही दान पुण्य किया जा रहा है।

.....................................................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने आज सुबह नई दिल्ली में राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वालों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाद में श्री बागडे ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 'सदैव अटल' समाधि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

.........................................................

सवाईमाधोपुर जिले में बनास नदी पुलिया पर आज सुबह एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। हादसे का शिकार लोग ऋषिकेश से घर लौट रहे थे। तभी बनास नदी पुलिया पर ट्रक की टक्कर से ये हादसा हुआ। मृतक मध्य प्रदेश के बताए जा रहे हैं। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

.........................................................